आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.05.2025     समय : 1905

- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा– कोविड के बढ़ते मामलों के कारण अभी घबराने की कोई बात नहीं है।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए नामांकन अब इस वर्ष 31 जुलाई तक कराये जा सकते हैं।
- लंबा लाइन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और गाराचरमा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से होनी वाली जलापूर्ति कल तक स्थगित रहेगी।
- द्वीपसमूह के कई भागों में भारी वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि सरकार एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम – आई डी एस पी के माध्यम से कोविड की स्थिति पर नज़र रख रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में कोविड के मामलों पर नज़र रखी जाती हैं। डॉ. बहल ने कहा कि कोविड के बढ़ते मामलों के कारण अभी घबराने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इन मामलों की गंभीरता कम है। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने का सुझाव दिया।

<><><><><><><>

18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए नामांकन अब इस वर्ष 31 जुलाई तक कराये जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। सभी नामांकन आधिकारिक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए। कोई भी व्यक्ति या संस्था पुरस्कार के लिए असाधारण उपलब्धियों वाले बच्चों को नामांकित कर सकती है। बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने अंडमान निकोबार शतरंज संघ के समन्वय से रंगत में एसपी कप ओपन शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया। कल अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित टूर्नामेंट का उद्देश्य युवा पीढ़ी में संज्ञानात्मक विकास, अनुशासन और खेल कौशल को बढ़ावा देना था। इस टूर्नामेंट में द्वीपों के विभिन्न आयु वर्ग के 81 प्रतिभागियों ने सात राउंड में भाग लिया। समापन समारोह में ज़िला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने युवा—केंद्रित पहलों के अलावा पुलिस की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। टूर्नामेंट में रंगत के सहायक आयुक्त विकास कुमार और एसडीपीओ रजनीकांत अवधिया भी उपस्थित थे। इसमें 40 वर्षीय संजय कुमार, विजेता और 13 वर्षीय सचित बारा उपविजेता थे। विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

अटल फाउंडेशन की ओर से कल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप – बॉडी हंट सीजन–चार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, विशेष अतिथि अटल फाउंडेशन के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष तनवीर सिंह और सम्माननीय अतिथि जाडवेट समूह के CEO फरहान जाडवेट, ने किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस और खेल गतिविधियों में शामिल करना, उन्हें असामाजिक प्रभावों से दूर रखना और स्वास्थ्य, अनुशासन और ताकत की संस्कृति को बढ़ावा देना था। अटल फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष अज़ीज़ुर रहमान ने चैम्पियनशिप के महत्व के बारे में बताया।

समापन समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, ज़िला परिषद सदस्य पी.ए. शरफुद्दीन, शेरू क्लासिक क्लब के पंकज कपूर और भारत के सबसे मजबूत पुरुष खिताब धारक सूरज भारद्वाज भी उपस्थित थे। इस अवसर पर चैम्पियनशिप के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><><>

लगातार बारिश के कारण धन्नीखाड़ी बांध से दो पाइप लाइन सिप्पीघाट क्षेत्र में भूस्खलन के कारण विस्थापित हो गई है। इसके कारण धन्नीखाड़ी बांध से दोनों लाइनें बंद कर दी गई हैं और वर्तमान में मरम्मत और बहाली का काम चल रहा है। लंबा लाइन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ी पुलिस लाइन, ऑल इंडिया रेडियो और रांची बस्ती के अलावा गाराचरमा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से होनी वाली जलापूर्ति कल

तक स्थगित रहेगी। इस अवधि के दौरान जवाहर सरोवर ट्रीटमेंट प्लांट से टैंकर की आपूर्ति उपलब्ध रहेगी। आम जनता से इस दौरान पानी का किफायती उपयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में साठ दशमलव छः मिलीमीटर, कार निकोबार में अड़तालीस, लांग आइलैंड में तैंतालीस दशमलव दो, ननकौड़ी में बत्तीस दशमलव छः, हटबे में छब्बीस दशमलव छः, श्री विजयपुरम में तेईस दशमलव नौ और मायाबंदर में सोलह दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कार निकोबार में भारी वर्षा के कारण पेड़ों के गिरने के समाचार मिले हैं। अग्निशमन सेवा और आपातकालीन सेवा विभाग की ओर से आपदा प्रबंधन उपकरणों से लैस मल्टी–यूटिलिटी वाहन और वाटर मिस्ट मिनी टेंडर तैनात किए गए। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध स्थानों पर बहुत भारी वर्षा हो सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को तीस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के लिए विभिन्न यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक उम्मीदवार सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर छब्बीस जून तक आवेदन कर सकते हैं। पात्रता मानदंडों के बारे में विवरणिका और अन्य जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

उधर, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रशासनिक कारणों से कॉलेज एडमिशन पोर्टल कुछ दिनों तक उपलब्ध नहीं रहेगा। उम्मीदवारों को प्रवेश के लिए नई तारीखों की घोषणा के बाद ही पोर्टल पर आवेदन जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत राज्य मिशन समन्वयक की ओर से कल साउथ प्वाइंट स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में किशोर लड़कियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह दस बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>